# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी।
## सूचना अधिकार अधिनियम–2005
## जनपद बाराबंकी।

सूचना अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 4(1)बी0 के अनुसार जनपद बाराबंकी के पुलिस विभाग के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचना प्रकाशित की जाती है:–

**1.पुलिस बल के संगठन कार्य तथा कर्तव्यों का विवरण :–**

पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 3 के अनुसार जिले में पुलिस अधीक्षक उस राज्य सरकार में निहित होगा, जिसके अधीन ऐसा जिला होगा और इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन जैसा प्राधिकृत हो उसके सिवाय कोई व्यक्ति, अधिकारी या न्यायालय राज्य सरकार द्वारा किसी पुलिस कर्मचारी को अधिकमित या नियंत्रित करने के लिये सशक्त नहीं किया जायेगा। **पुलिस का मूल कर्तव्य कानून व्यस्था व लोक व्यवस्था को स्थापित रखना तथा अपराध नियंत्रण व निवारण तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना है।** समाज के समस्त वर्गो में सद्भाव कायम रखने हेतु आवश्यक प्रबन्ध करना, महत्वपूर्ण व्यक्तियों व संस्थानो की सुरक्षा करना तथा समस्त व्यक्तियों के जान माल की सुरक्षा करना है। लोक जमावो और जुलूसों को विनियमित करना तथा अनुमति देना व सार्वजनिक सड़कों इत्यादि पर व्यवस्था बनाये रखना है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय अस्थायी भवन में कार्यरत है। जनपद का सृजन दिनांक 1859 ए0डी0 को हुआ है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद बाराबंकी के अन्तर्गत 06 सर्किल है जिसमें 4 कोतवाली 18 थाने एवं 01 महिला थाना है इस प्रकार कुल 06 सर्किल 23 थाने पुलिस अधीक्षक के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

**1.1 जनपद में पुलिस संगठनः–**

**जनपद में पुलिस संगठन निम्नलिखित प्रकार से है–**

| क0सं0 | | | सर्किल का नाम | क0सं0 | थानों का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तरी | 1. | क्षेत्राधिकारी नगर/आंकिक | 1 | कोतवाली नगर |
| | | | | 2 | देवा |
| | | | | 3 | जहांगीराबाद |
| | | | | 4 | महिला थाना |
| | | 2. | क्षेत्राधिकारी रामनगर | 5 | रामनगर |
| | | | | 6 | मसौली |
| | | | | 7 | बदोसराय |
| | | 3. | क्षेत्राधिकारी फतेहपुर | 8 | फतेहपुर |
| | | | | 9 | मोहम्मदपुरखाला |
| | | | | 10 | बड्डूपुर |
| | | | | 11 | कुर्सी |
| | | | | 12 | घुघटेर |
| 2 | अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी | 4. | क्षेत्राधिकारी सदर/कार्यालय | 13 | सफदरगंज |
| | | | | 14 | सतरिख |
| | | | | 15 | जैदपुर |
| | | 5. | क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ | 16 | हैदरगढ़ |
| | | | | 17 | लोनीकटरा |
| | | | | 18 | कोठी |
| | | | | 19 | सुबेहा |
| | | 6. | क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट | 20 | रामसनेहीघाट |
| | | | | 21 | दरियाबाद |
| | | | | 22 | टिकैतनगर |
| | | | | 23 | असन्द्रा |

**1.2जिला पुलिस के अधिकारी के कर्तव्यों का विवरणः–**

पुलिस अधिनियम की धारा 22 के अनुसार प्रत्येक पुलिस अधिकारी सदैव कर्तव्यारूढ़ रहेगा और उसे जिले के किसी भी भाग में नियोजित किया जा सकता है। पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 23 के अनुसार प्रत्येक पुलिस अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह पुलिस विभाग के संचालन हेतु विहित विभिन्न नियमों एवं कानूनों तथा किसी सक्षम अधिकारी द्वारा उसे विधि पूर्वक जारी किये गये सब आदेशों एवं वारण्टों का पालन एवं निष्पादन करे, लोक शांति को प्रभावित करने वाले गुप्त वार्ता का संग्रह करे, अपराधों व लोक अवदूषण का निवारण करे, अपराधियों का पता लगाये और न्यायालय के समक्ष लाये।

**2.अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियों एवं कर्तव्य का विवरणः–**

Scanned with CamScanner

पुलिस अधिनियम 1861, पुलिस रेगुलेशन, द0प्र0सं0, अन्य अधिनियमों तथा विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों के निम्नलिखित अधिकार एवं कर्तव्य हैं:–

**2.1 पुलिस अधिनियम:–**

| धारा | अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य |
|---|---|
| 7. | आन्तरिक अनुशासन बनाये रखने हेतु राजपत्रित अधिकारियों को किसी समय अधीनस्थ पदों के ऐसे किसी अधिकारी को दण्डित करने की शक्ति होती है जो कि अपने कर्तव्य के निर्वहन में शिथिल एवं उपेक्षावान पाये जायें |
| 17. | विशेष पुलिस अधिकारी की नियुक्ति के सम्बन्ध में जब यह प्रतीत हो कि कोई विधि विरूद्ध जमाव, बलवा या शांति भंग हुई हो या होने की गम्भीर संभावना हो विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त करने की शक्ति होती है |
| 22. | पुलिस अधिकारी सदैव कर्तव्यारूढ़ माने जाते हैं तथा उन्हें जिले के किसी भाग में नियोजित किया जा सकता है |
| 23. | प्रत्येक पुलिस अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसे विधि पूर्वक जारी किये गये सब आदेशों का पालन व निष्पादन करे, लोक शान्ति को प्रभावित करने वाली गुप्त वार्ता का संग्रह करे, अपराधों व लोक अबदूषण का निवारण करें, अपराधियों का पता लगाये तथा उन सब व्यक्तियों को गिरफ्तार करे जिनको गिरफ्तार करने के लिए वैधता प्राधिकृत है तथा जिनको गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त आधार विद्यमान हैं। इसके लिए उसे वारण्ट किसी शराब की दुकान, जुआ घर या भ्रष्ट या उदण्ड व्यक्तियों के समागम के अन्य स्थान में प्रवेश करना और उसका निरीक्षण करना विधिपूर्ण होगा |
| 25. | लावारिस सम्पत्ति को पुलिस अधिकारी अपने भार साधन में ले तथा इसकी सूचना मजिस्ट्रेट को दे तथा नियामानुसार उस सम्पत्ति को निस्तारित करेंगे |
| 30. | लोक जमावों और जुलूस को विनियमित करने और उसके लिए अनुमति देने की शक्ति। |
| 30क. | उपरोक्त अनुमति की शर्तों के उल्लघंन करने पर थाने के भार साधक अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों को जुलूस या किसी जमाव को रोकने या बिखर जाने के आदेश देने की शक्ति |
| 31. | सार्वजनिक सड़को व मार्गो, आम रास्तों घाटों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था बनाये रखने का कर्तव्य |
| 34. | किसी व्यक्ति द्वारा किसी ढोर का बध करने, उसे निर्दयता से मारने या यातना देने, ढोर गाड़ी से यात्रियों को बाधा पहुचाने, मार्ग पर गन्दगी व कुडा फेकने, मतवाले या उपद्रवी व्यक्तियों व शरीर का अशिष्ट प्रदर्शन करने पर किसी पुलिस अधिकारी के लिए यह विधि पूर्ण होगा कि वह ऐसे किसी व्यक्ति को बिना वारण्ट के अभिरक्षा में ले लें |
| 34क. | उपरोक्त अपराध के शमन करने की शक्ति राजपत्रित पुलिस अधिकारियों में निहित है |
| 47. | ग्राम चौकीदारों पर प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण का दायित्व |

**2.2 पुलिस रेगुलेशन:–**

पुलिस रेगुलेशन के पैरा 12 से 16 तक जिला पुलिस अधीक्षक के अधिकार एवं कर्तव्य निम्नवत है:–

| प्रस्तर | कर्तव्य |
|---|---|
| **12 से 16 पुलिस अधीक्षक** | पुलिस अधीक्षक जिले के पुलिस बल के प्रधान होते है वे अधीनस्थ पुलिस बल के दक्षता, अनुशासन एवं कर्तव्यों के पालन के लिए दायित्वाधीन होते हैं। मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स के मध्य सभी संव्यवहार पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ही किये जाते हैं। पुलिस अधीक्षक यदि मुख्यालय पर उपस्थित हैं तो जनता की समस्या सुनने के लिए कार्यालय में बैठेंगे उन्हें स्वतन्त्रापूर्वक वैचारिक संसूचना के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, सूचना के जितने साधन होंगे तद्नुरूप उनकी दक्षता होगी। पुलिस पेंशनर्स से उनका संपर्क होना चाहिए और उन्हें विनिर्दिष्ट रीति से जिले व पुलिस लाईन का निरीक्षण करना चाहिए। आबकारी विषयों पर आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में पुलिस अधीक्षक की व्यक्तिगत मौजूदगी एवं पर्यवेक्षण आवश्यक है। पड़ोसी जनपदों के पुलिस अधीक्षकों से यथाससम्भव वर्ष में एक बार भेंट आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक द्वारा शासकीय आदेश की पुस्तिका में जिले का प्रभार सौपें जाने वाले राजपत्रित अधिकारी द्वारा गोपनीय ज्ञापन तैयार किये जाने संबेधित अंतर्विष्ट अनुदेशों का अनुसरण किया जाना चाहिए। |
| **17 सहायक पुलिस अधीक्षक एवं उपाधीक्षक** | सहायक पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किसी भी कार्य को किया जाता है, जो व्यक्तिगत रूप से विधि व नियमों द्वारा पुलिस अधीक्षक के लिए बाध्यकारी न हो। |
| **18 से 23 प्रतिसार निरीक्षक** | प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन के भार साधक अधिकारी होते हैं जो कि जवानों की साज सज्जा, अनुशासन प्रशिक्षण के उत्तरदायी होंगे। आयुध व बारूद की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होते हैं। |
| **24 रिजर्व सबइंस्पेक्टर** | रिजर्व सब इन्सपेक्टर प्रतिसार निरीक्षक की सहायता हेतु नियुक्त होते हैं जो गार्द एवं स्कोर्ट को निर्देशित करने, यातायात नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था के संबंध में प्रतिसार निरीक्षक द्वारा आदेशित प्रत्येक आवश्यक कार्य को करते हैं। |
| **43 से 50** | थानाध्यक्ष अपने प्रभार की सीमा के अन्तर्गत पुलिस प्रशासन का संचालन करता है तथा बल की सभी |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| थानाध्यक्ष | शाखाओं पर प्राधिकार रखता है। वह सभी रजिस्टरों, अभिलेखों विवरणियों और रिपोर्टो की शुद्धता के लिए अधीनस्थों के प्रति दायित्वाधीन होगा। उसे क्षेत्र के सभी सभ्रान्त व्यक्तियों से सुपरिचित एवं उनके प्रति मैत्रीपूर्ण सहयोग सुनिश्चित करना चाहिए। उसे थाने की परिधि के अन्दर बुरे व्यक्तियों की निगरानी समुचित तरीके से करते रहना चाहिए। थाने पर किसी भी अधिकारी के न उपस्थित होने पर सीनियर कांस्टेबल थाने का भार साधक अधिकारी होगा किन्तु वह तफ्तीश नहीं करेगा। थानाध्यक्ष द्वारा थाने का चार्ज लेने पर पुलिस फार्म नं0 299 भरकर पुलिस अधीक्षक को सूचना भेजेंगे। |
| 51 | थाने के द्वितीय अफसर का कर्तव्य प्रातः कालीन परेड कराना, भारसाधक अधिकारी द्वारा सौपे गये समस्त निर्देशों को अधीनस्थों को बताना, अन्वेषण करना होता है। |
| 55<br>हेड मोहर्रिर | हेड मोहर्रिर के कर्तव्य पद्ध रोजनामचा आम और अपराधों की प्रभम सूचना लिखना।<br>पपद्ध हिन्दी रोकड़ बही( पुलिस फार्म नं0 224) पपपद्ध यदि पुलिस अधीक्षक आदेश दें तो धारा 174 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत पंचायतनामा लिखना। |
| 61 से 64<br>बीट आरक्षी | कान्स0 नागरिक पुलिस द्वारा जनता की समस्याओं पर नम्रता पूर्वक विचार करना चाहिए। उनका मूल कर्तव्य अपराधों की रोकथाम करना है। थाने पर सन्तरी ड्यूटी के समय वह अभिरक्षाधीन कैदियों, कोश तथा मालखाना एवं थाने के अन्य सम्पत्तियों की रक्षा करेगा। बीट कान्स0 के रूप में संदिग्ध अपराधियों, फरार अपराधी तथा खानाबदोश अपराधियों की सूचना प्रभारी अधिकारी को देगा। |
| 65 से 69<br>सशस्त्र पुलिस | सशस्त्र पुलिस के रूप में खजाना, हवालातों के संरक्षक, कैदियों और सरकारी सम्पत्ति की रास्ते में देखभाल, आयुध भण्डार, अपराध दमन तथा खतरनाक अपराधियों की गिरफ्तारी तथा उनका पीछा करना मूल दायित्व है। |
| 79 से 83<br>घुड़सवार | घुड़सवार पुलिस द्वारा उत्सवों या अन्य आयोजनो में भीड़ नियंत्रण का कार्य किया जाता है। |
| 89 से 96<br>चौकीदार | ग्राम चौकीदार द्वारा अपने प्रभाराधीन गांवों की देखरेख करना, अपराध एवं अपराधियों की सूचना देना व विधि के प्राधिकार के अधीन अपराधियों के गिरफ्तार कराने का दायित्व होता है। |

2.3दण्ड प्रकिया संहिता

| द.प्र.सं. की धारा | अधिकारियों/कर्मचारियों के कर्तव्य |
|---|---|
| 36 | पुलिस थाने के भार साधक अधिकारी से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जिस थाने क्षेत्र में नियुक्त हैं उसमे सर्वत्र उन शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं जिनका प्रयोग अपने थाने की सीमाओं के अन्दर थाने के भार साधक अधिकारी द्वारा किया जाता है। |
| 41 | बिना वारण्ट की गिरफ्तारी निम्नलिखित दशाओं में करने की शक्तियां<br>1.संज्ञेय अपराध की दशा में।<br>2.कब्जे से गृह भेदन का उपकरण।<br>3.उद्घोषित अपराधी।<br>4.चुराई गयी सम्पत्ति की संभावना।<br>5.पुलिस अधिकारी के कर्तव्य पालन में बाधा।<br>6.सशस्त्र बलों का भगोड़ा।<br>7.भारत के बाहर भारत मे दण्डनीय किया गया अपराध।<br>8.छोड़े गये सिद्धदोष बन्दी द्वारा नियम उल्लंघन पर।<br>9.वांछित अपराधी। |
| 42 | नाम व निवास बताने से इन्कार करने पर गिरफ्तारी। |
| 47 | उस स्थान की तलाशी जिसमें ऐसा व्यक्ति प्रविष्ट हुआ है जिसकी गिरफ्तारी की जानी है। |
| 48 | गिरफ्तार करने के लिए प्राधिकृत पुलिस अधिकारी को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने की शक्ति है। |
| 49 | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को उतने से अधिक अवरूद्ध नहीं किया जायेगा जितना की उसके निकल भागने से रोकने के लिए आवश्यक है। |
| 50 | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को गिरफ्तार के आधारों और जमानत के अधिकार की सूचना दिया जाना। |
| 51 | गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की तलाशी। |
| 52 | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति से अकामक आयुधों को अधिग्रहण करने की शक्ति। |
| 53 | पुलिस अधिकारी के आवेदन पर रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अभियुक्त का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाना। |
| 54 | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के आवेदन पर रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अभियुक्त का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाना। |
| 56 | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को अनावश्यक बिलम्ब के बिना अधिकारिता मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना। |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| 57 | गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को 24 घण्टे से अधिक पुलिस अभिरक्षा में निरूद्ध न रखना। |
| 58 | बिना वारण्ट गिरफ्तारियों की सूचना कार्यकारी मजिस्ट्रेट को देना। |
| 60 | अभिरक्षा से भागे अभियुक्तों को सम्पूर्ण भारत में कहीं भी गिरफ्तार की शक्ति। |
| 100 | बन्द स्थान के भार साधक व्यक्ति, उस अधिकारी को जो वारण्ट का निष्पादन कर रहा है, तलाशी लेने देंगे। |
| 102 | ऐसी वस्तुओं को अभिग्रहीत करने की शक्ति जिनके सम्बन्ध में चोरी की हुई होने का सन्देह हो। |
| 129 | उपनिरीक्षक व उससे उच्च समस्त अधिकारियों को पुलिस बल के प्रयोग द्वारा जमाव को तितर बितर करने की शक्ति। |
| 130 | ऐसे जमाव को तितर बितर करने के लिए सशस्त्र बल का प्रयोग। |
| 131 | जमाव को तितर बितर करने की सशस्त्र बल के राजपत्रित अधिकारियों की शक्ति। |
| 132 | धारा 129, 130, 131 के अधीन सद्भावना पूर्वक किये गये कार्यों के सन्दर्भ में अभियोजन से संरक्षण। |
| 149 | प्रत्येक पुलिस अधिकारी किसी संज्ञेय अपराध के किये जाने का निवारण करेगा। |
| 150 | संज्ञेय अपराधों के किये जाने की परिकल्पना की सूचना। |
| 151 | उक्त से सन्दर्भ में बिना वारण्ट गिरफ्तारी का अधिकार। |
| 152 | लोक सम्पत्ति की क्षति रोकने का अधिकार। |
| 153 | खोटे बॉट मापों का निरीक्षण / अधिग्रहण। |
| 154 | संज्ञेय अपराध की सूचना प्राप्त होने पर थाने के भार साधक अधिकारी के निर्देशानुसार लेखबद्ध की जायेगी। इत्तिला की प्रतिलिपि सूचना दाता को निःशुल्क दी जायेगी। भार साधक अधिकारी द्वारा इत्तिला का अभिलिखित करने से इन्कार करने पर किसी व्यक्ति द्वारा संबंधित पुलिस अधीक्षक को ऐसी इत्तिला डाक द्वारा दी जा सकती है। |
| 155 | असंज्ञेय मामलों में थाने के भार साधक अधिकारी को ऐसी इत्तिला का सार संबंधित पुस्तिका में प्रविष्टि करायेगा और इत्तिला देने वाले को मजिस्ट्रेट के पास जाने के लिए निर्दिष्ट करेगा। |
| 156 | संज्ञेय मामलों अन्वेषण करने की पुलिस अधिकारी की शक्ति। |
| 160 | अन्वेषण के अन्तर्गत साक्षियों की हाजिरी की अपेक्षा करने की पुलिस अधिकारी की शक्ति। |
| 161 | पुलिस द्वारा साक्षियों का परीक्षण किये जाने की शक्ति। |
| 165 | अपराध के अन्वेषणे के प्रयोजनों के लिए किसी स्थान में ऐसी चीज के लिए तलाशी ला जा सकती है जो अन्वेषण के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो। तलाशी एवं जब्ती के कारणों को लेखबद्ध किया जायेगा। |
| 166 | अन्वेषणकर्ता अन्य पुलिस अधिकारी से भी तलाशी करवा सकता है। |
| 167 | जब 24 घण्टे के अन्दर अन्वेषण न पूरा किया जा सके तो अभियुक्त का रिमाण्ड लेने की शक्ति। |
| 169 | साक्ष्य अपर्याप्त होने पर अभियुक्त को छोड़ा जाना। |
| 170 | जब साक्ष्य पर्याप्त हो तो मामलों को मजिस्ट्रेट के पास विचारण के लिए भेज दिया जाना। |
| 172 | अन्वेषण में की गयी कार्यवाहियों के केस डायरी में लेखबद्ध किया जाना। |
| 173 | अन्वेषण के समाप्त हो जाने पर पुलिस अधिकारी द्वारा सशक्त मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजना। |
| 174 | आत्महत्या आदि पर पुलिस द्वारा मृत्यु समीक्षा करना और रिपोर्ट देना। |
| 175 | धारा 174 के अधीन कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारी को अन्वेषण के प्रयोजन से व्यक्तियों के शमन करने की शक्ति। |
| 176 | पुलिस अभिरक्षा में मृत व्यक्ति की मृत्यु समीक्षा मजिस्ट्रेट द्वारा की जायेगी। |

**2.4 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मानव अधिकार संरक्षण संबंधी निर्देशः—**

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **डी0के0 बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य** के वाद के निर्णय में गिरफ्तारी या निरूद्धीकरण के प्रकरणों में पुलिस जनों के निम्नलिखित दायित्व अवधारित किये गये हैं।

1. गिरफ्तारी के समय गिरफ्तार कर्ता पुलिस अधिकारी को अपने पद सहित नाम पट्टिका धारण की जानी चाहिए। गिरफ्तारी की सम्पूर्ण विवरण एक रजिस्टर में अंकित किया जाये।
2. गिरफ्तारी की फर्द गिरफ्तारी के मौके पर ही तैयार की जायेगी जो क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्ति अथवा गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के परिवार के किसी सदस्य द्वारा सत्यापित होगी। गिरफ्तार व्यक्ति के प्रति पर हस्ताक्षर होंगे व एक प्रति उस व्यक्ति को निःशुल्क दी जायेगी।
3. पुलिस अभिरक्षा में उसे अपने रिश्तेदार या मित्र से मिलने दिया जायेगा तथा उसकी गिरफ्तारी की सूचना उसके निकट संबंधी को दी जायेगी।
4. गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के रिश्तेदार को निरूद्ध रखने के स्थान के बारे में बताया जायेगा।
5. गिरफ्तार किये गये व्यक्ति से अवगत कराया जायेगा कि उसे अपनी गिरफ्तारी के संबंध में सूचित करने वह अधिकृत है।
6. गिरफ्तारी की सूचना को थाने के गिरफ्तारी रजिस्टर में ही अंकित किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

7.गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के अनुरोध पर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया जायेगा।
8.गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पुलिस अभिरक्षा की प्रत्येक 48 घण्टे पर प्रशिक्षित डाक्टर से चिकित्सीय परीक्षण कराया जायेगा।
9.गिरफ्तारी के सभी अभिलेखों की प्रतियां क्षेत्रीय दण्डाधिकारी के पास भेजी जाएंगी।
10.जांच काल में गिरफ्तार व्यक्ति को अपने अधिवक्ता से मिलने की अनुमति दी जा सकती है।
11.गिरफ्तारी की सूचना जनपद के नियन्त्रण कक्ष में नोटिस बोर्ड पर भी अंकित की जाएगी।

**पुलिस अधीक्षक के कर्तव्य एवं दायित्वः–**

**2.5–1(अ)कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वः–**

3–अपने नियंत्रणाधीन पुलिस अधिकारी एवं अन्य अधीनस्थ कर्मियों के कार्यो का शासन द्वारा जारी आदेशों का मूल्यांकन करना।
4–क्षेत्र में कार्यरत समस्त निरीक्षक/ना0पु0 उपनिरीक्षक की वार्षिक गोपनीय प्रविष्ट के स्वीकृत अधिकारी होंगे साथ ही क्षेत्र के कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक स्तर के पुलिस सेवा के अन्य अधिकारियों के लिये समीक्षक अधिकारी होंगे।

**(ब)विशेष कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वः–**

1.पुलिस बल में अनुशासन बनाये रखना तथा उनमें सुधार लाना।
2.नियंत्रणाधीन।
3.साम्प्रदायिक तनावों के दौरान पुलिस के कार्य पर गहन पर्यवेक्षण कराना।
4.समाज के हरिजन एवं दुर्बल वर्ग के लोगों की सुरक्षा के लिये स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली एवं उत्तरदायित्व गहन पर्यवेक्षण और महिलाओं के विरूद्ध अत्याचारों के मामलों में विशेष ध्यान देना।
5.उन आन्दोलनों जिनमे जनशक्ति भंग हो अथवा भंग होने की आशंका हो के विषय में पुलिस कार्यप्रणालियों का गहन पर्यवेक्षण करना।

**(स)अन्य उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यः–**

1–पुलिस अधीक्षक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं/थानों का वर्ष मे एक बार विस्तृत निरीक्षण करना।
2–ऐसे अन्य कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व जो समय–समय पर शासन द्वारा या पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक से प्राप्त आदेशों एवं निर्देशों का पालन किया जाना।
3–जनपद में होने वाले सभी निर्माण कार्यो की कार्यकारी संस्थाओं के साथ मासिक समीक्षा की जाये। हर निर्माण कार्य का एक समयबद्ध कार्यक्रम बनवाकर उसके आधार पर समीक्षा करे।
4–कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित सभी बिन्दुओं उनके आवासों भवनो का रख रखाव वेतन, पेन्सन, पदोन्नति, वर्दी, आदि के विषय में निरीक्षण व समीक्षा कर उनको समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराना।
5–अपने जनपद में आर्म एवंएम्युनेशन की स्थिति की समीक्षा कर उनकी पर्याप्तता सुनिश्चित करना।
6–कार्यालय भवनों के रख रखाव और सुदृढीकरण पर विशेष रूप से ध्यान देना।
7–कम्प्यूटरीकरण हेतु थानावार समयबद्ध रूप से रूपरेखा तैयार कर उसकी समीक्षा करना।
8–अच्छे कर्मचारियों को पुरस्कार स्वीकृत करना।
9–अपराधियों से सम्पर्क रखनेवाले कर्मचारियोंके विषय में निरन्तर रूप से समीक्षा कर उनका स्थानान्तरण कराना और उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कराना।
10–जनपद के सभी थानों पर टेलीफोन/वाहन एवं संचार की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
11–जनपद के अन्दर आने वाले सभी बजट संबंधी आवश्यकताओं/समस्याओं का नियमित आकलन करना तथा पुलिस मुख्यालय व पुलिस महानिदेशक कार्यालय के साथ निराकरण हेतु समन्वय कराना।
12–पुलिस रेगुलेशन के निहित प्राविधानों के अनुसार नियामानुसार स्थानान्तरण प्रकिया के अनुसार एक शाखा से दूसरी शाखा या जनपद में समय सीमा पूर्ण कर चुके अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण की संस्तुति कराना।
13–शासनादेशानुसार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु रू0 5000/– का पुरस्कार घोषित करना।
14–चिकित्सा प्रतिपूर्ति के अन्तर्गत रू0 1,00,000/– की स्वीकृति का अधिकार।

**2.3–पुलिस अधीक्षक के आदेशों के अनुसार।**

1–अपने कार्यक्षेत्र के पुलिस प्रशासन का पर्यवेक्षण।
2–अपने कार्य क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम तथा उस पर नियंत्रण और अपराधियों असामाजिक तत्वों एवं संगठित अपराधिक गिरोहों के विरूद्ध डाटावेस तैयार कर सुनियोजित ढंग से कार्यावाही सुनिश्चित करना।
3–अपने कार्यक्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव के दौरान पुलिस के कार्य पर गहन पर्यवेक्षण करना एवं अधीनस्थ अधिकारियो का मार्गदर्शन करना।
4–अपने कार्यक्षेत्र में साम्प्रदायिक तनाव के दौरान पुलिस के कार्य परगहन पर्यवेक्षण करना एवं अधीनस्थ अधिकारियों का मार्गदर्शन करना।
5–समाज के दलित एवं दुर्बल वर्ग के लोगों की सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली एवं उत्तरदायित्वों का गहन पर्यवेक्षण एवं महिलाओं के विरूद्ध अपराध/उत्पीड़न के मामलों में ध्यान देना।
6–उन आन्दोलनों जिनमें शान्ति भंग होने की आशंका हो, के विषय में कार्यप्रणाली का गहन पर्यवेक्षण करना एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करवाना।

Scanned with CamScanner

7—अपने कार्यक्षेत्र के सभी थानों की आन्तरिक सुरक्षा योजनाओं का अद्यावधिक करवाकर उन पर आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवाना।

8—प्रत्येक दिन प्रातः 10 बजे से 02.00 बजे तक अपने कार्यालय में जनता की शिकायतों को सुनने व उन पर कार्यवाही सुनिश्चित करवाने हेतु उपलब्ध रहना किसी अपरिहार्य स्थिति में अनुपालब्धता के कारण अपने स्टाफ अधिकारी की इस कार्य के लिये नामित करना।

9—अपने अधीनस्थ समस्त क्षेत्रीय पुलिस के कार्यालयों एवं थानों के निरीक्षण स्थाई आदेशों के अनुसार करना।

10—अपने कार्यक्षेत्र में व्यापक भ्रमण करना एवं समय समय पर संवेदनशील स्थानों पर जनता की समस्याओं को सुनने उनका निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं विशेष अपराधों की समीक्षा समस्त संबंधित को निर्देशित करना।

11—पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों में जनता के प्रति व्यवहार में आशातीत सुधार लाना।

12—पुलिस बल में अनुशासन बनाये रखना एवं उनमें सुधार लाना।

13— अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के कल्याण की ओर उपयुक्त ध्यान देना।

14—शासन एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये आदेशों के अनुसार निर्धारित सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्वों पर कार्यवाही सुनिश्चित करना।

15—ऐसे अन्य कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व जो समय समय पर शासन एवं पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक स्तर से प्राप्त आदेशों का कड़ाई से निर्वहन करना।

16—माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा डी0के0 बसु केस में दिये गये प्रत्येक निर्देश/आदेश का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करवाना।

**2—4 अन्य कर्तव्यः—**

1—आवश्यकतानुसार पुलिस बल का साम्प्रदायिक स्थलों को चिन्हित कर वहां पर पुलिस बल का स्थाई आवंटन करना।

2—जनपद में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस बल का स्थाई रूप से मॉग करना।

3—अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु परस्पर थानों के मध्य समन्वय बनाये रखना।

**2—5 उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दण्ड एवं अपील नियमावली 1991 पुलिस अधीक्षक की शक्तियों एव दायित्वः—**

दण्ड एवं अपील नियमावली में निहित प्राविधानों के अनुरूप उल्लिखित दण्डों को 14(1) व 14(2) के अन्तर्गत दण्ड दिये जाने की शक्तियां प्रदत्त है तथा आरक्षी से निम्न स्तर के (चतुर्थ श्रेणी) निलम्बन, बहाली सम्बन्धी आदेश जिसकी अपील पुलिस महानिरीक्षक को तथा अपर पुलिस महानिदेशक को की जा सकती है।

**2.5—1—1**अपने कार्यक्षेत्र में अपराध की रोकथाम तथा उस पर नियंत्रण और अपराधियों असामाजिक तत्वों एवं संगठित आपराधिक गिरों के विरूद्ध सुनियोजित ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करना।

**2.5—1—2**सकिय एवं वांछित अपराधी के संबंध में हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी रखना एवं वांछित अपराधियों को गिरफ्तारी करना।

**2.5—1—3**गम्भीर प्रकृति के अपराधियों के गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु अभिसूचना इकाई के माध्यम से सूचना एकत्रित कर उस पर कार्यवाही करना/कराना।

**2.5—1—4**विशेष अपराधों के संबंध में।

अपर पुलिस महानिदेशक अपराध/कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 के परिपत्र संख्याःएडीजी—एलओ—12—2001 दिनांक 15.12.2001 के द्वारा जनपदों को पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र को कमागत आख्या भेजे जाने के निर्देश दिये गये।

| क0सं0 | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संबंधित सर्किल द्वारा विशेष अपराध आख्या का प्राप्त होना | संबंधित सर्किल के क्षेत्राधिकारी द्वारा | 01 दिवस में |
| 2. | पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष अपराध पत्रावली बनाना | वाचक पुलिस अधीक्षक द्वारा | 01 दिवस में |
| 3. | पर्यवेक्षण आख्या का प्राप्त होना | संबंधित सर्किल के क्षेत्राधिकारी द्वारा | 01 दिवस में |
| 4. | कमागत आख्या का प्राप्त होना | संबंधित सर्किल के क्षेत्राधिकारी द्वारा | प्रथम आख्या 10 दिवस में तथा शेष 01 माह के अन्तराल में |
| 5 | कमागत आख्या में प्राप्त कमियों पर निर्देशों का प्रेषित किया जाना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | 07 दिवस में |
| 6. | कमागत आख्या में प्राप्त निर्देशों का अनुपालन | संबंधित सर्किल के क्षेत्राधिकारी द्वारा | 15 दिवस में |
| 7 | कार्यवाही पूर्ण होने पर अनुमोदनोपरान्त पत्रावली बन्द किया जाना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | |

Scanned with CamScanner

2.5–1–5मा0 जनपद न्यायालय में प्रखलित वादों में प्रभावी पैरवी/गवाही कराकर अपराधियों को सजा दिलाना।

**2.5 अपर पुलिस अधीक्षक के कर्तव्य एवं दायित्वः–**

पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0 के परिपत्र संख्या 35/2005 दिनांक 9 जुलाई, के द्वारा जनपद नियुक्ति के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक की शक्तियों और दायित्वों का निर्धारण किया गया है।

2.5–1 कर्तव्यः–

**2.5.1.1 संगठित अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही संबंधीः–**

1.संगठित अपराधियों तथा भाडे पर हत्या, फिरौती हेतु अपहरण, रोल्ड होल्डअप, बैंक डकैती, आटोलिफ्टर, मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले, हवाला व्यापार करने वाले, नक्सलवादी गैंग एवं राष्ट्र विरोधी तत्व, माफिया आदि को चिन्हित कर उनकी गैंगवार सूची तैयार करना एवं तत्संबंधी सभी सूचनायें एकत्र कर उन्हे पंजीकृत कराने हेतु अग्रतर कार्यवाही करना।

2.पंजीकृत अपराधियों का डोजियर तैयार करना।

3.संगठित अपराधियों के विरूद्ध कार्ययोजना तैयार करके जनपदीय पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराना।

4.संगठित अपराधियों की गिरफ्तारी होने पर विस्तृत पूछताछ आख्या तैयार करना।

**2.5.1.2सकिय एवं वाछित अपराधी सम्बन्धीः–**

1.सकिय एवं वाछित अपराधियों की सूची सैयार करना, हिस्ट्रीशीट खुलवाना गिरफ्तारी हेतु कार्य योजना बनाकर दबिश दिलवाना।

2.फाड अपराधियों के विरूद्ध पुरस्कार घोषित करवाना।

**2.5.1.3. अपराधिक अभिसूचना का एकत्रीकरणः–**

1.पेशेवर अपराधियों की अभिसूचना एकत्रीकरण हेतु श्रोत बनाना

2.जेल में बन्द पेशेवर अपराधियों की जानकारी करना

3.जेल से छूटने वाले पेशेवर अपराधियों की निगरानी

4.अन्य माध्यमों से अपराधिक अभिसूचना एकत्रीकरण

2.5.1.4 विशेष अपराधों के सम्बन्ध में

1.समस्त विशेष अपराधों के घटना स्थल का निरीक्षण

2.क्षेत्राधिकारी द्वारा किये जारही विवेचनाओं की पर्यवेक्षण आख्या

3.क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही विवेचना वाले एस0आर0 केस, राजनीतिक हत्या, दो या दो से अधिक व्यक्तियों की हत्या, बालात्कार के साथ हत्या, एसी हत्या जो सामान्य कानून को प्रभावित करती हो, डकैती, फिरौती, अपहरण, हत्या सहित लूट, सनसनीखेज लूट, पुलिस अभिरक्षा से पलायन, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, गैगेस्टर एक्ट के केसों को छोडकर शेष समस्त एसआर केस की कमागत आख्या का अनुमोदन (प्रथम व अन्तिम को छोडकर) अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जायेगा।
य–क्षेत्र के थाना प्रभारियों एवं क्षेत्राधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करना। र–फिक्स पिकेट एवं गश्त की योजना बनाकर प्रभारी व्यवस्था करना। ल–क्षेत्र के समस्त थानों का दो माह में एक बार अर्दली रूम करना।

**2.5.1.5. अभियोजनः–**

न्यायालय में लम्बित वादों की प्रभावी पैरवी, पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर की मासिक बैठक तथा शेषन ट्रायल अभियोगों में विमुक्ति आख्या का विश्लेषण करना।

**2.5.2. अपर पुलिस अधीक्षकों के अधिकारः–**

**2.5.2.1. स्थानान्तरण सम्बन्धी–**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश की अर्धशासकीय पत्र संख्याः एफ–252–84, दिनांक 08.01.1985 के प्रस्तर पॉच के बिन्दु संख्या चार में निहित निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही स्थानान्तरण के सम्बन्ध में की जायेगी।

**2.5.2.2. वार्षिक मन्तव्य–**

शासनादेश संख्याः– 1460/छः–पु–1–99–51/99 के अनुसार वार्षिक मन्तव्य का अंकन करना।

**2.5.2.3. दण्ड सम्बन्धी–**

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रचलित नियमावली के अनुरूप अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के विरूद्ध जॉच करायी जा सकती है, परन्तु जॉच आख्या पर दण्ड पत्रावली खुलवाने का अधिकार जनपदीय पुलिस अधीक्षक का भी होगा।

3.निर्णय लेने की प्रकिया की कार्यविधि के पर्यवेक्षण व उत्तरदायित्व के स्तर

3.1 अनुसंधान/विवेचना

| क. सं | कार्यवाही | कार्यस्तर | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्र0सू0रि0 का पंजीकरण | 154 द0प्र0स0 के अनुसार अपराध की सूचना प्राप्त होने पर थाने के भारसाधक अधिकारी के द्वारा निर्देशानुसार लेखबद्ध की जायेगी। इत्तला की प्रतिलिपि सूचनादाता को निःशुल्क दी जायेगी। भारसाधक अधिकारी द्वारा इत्तला को अभिलिखित करने से इन्कार करने पर किसी व्यक्ति द्वारा | अविलम्ब |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक को एसी इत्तला डाक द्वारा दी जा सकती है। | |
| 2 | साक्षियों का परीक्षण | 161 द0प्र0सं0 के अनुसार | यथशीघ्र |
| 3 | अनुदेशण द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 4 | पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण | विशेष अपराधों की स्थिति में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी व अन्य पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया जाता है। | यथाशीघ्र |
| 5 | साक्ष्य का संकलन | द0प्र0सं0 के अनुसार | कार्यवाही यथाशीघ्र |
| 6 | नक्शा नजरी तैयार करना | द0प्र0सं0 के अनुसार | निरीक्षण के समय |
| 7 | अभियुक्तों की गिरफ्तारी | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 8 | संस्वीकृति का लिखा जाना | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 9 | पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा का रिमान्ड प्राप्त करना | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 10 | तलाशी | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 11 | निरूद्धि | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 12 | अभियोग दैनिकी का तैयार किया जाना | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |
| 13 | आरोप पत्र का दाखिल करना | द0प्र0सं0 के अनुसार | यथाशीघ्र |

**3.2 नियंत्रणकक्षः–**

जनपद के नियंत्रणकक्ष कमान्ड और कन्ट्रोल संघटक के रूप में जनपद के तंत्रिका तंत्र की तरह कार्य करता है, जो कानून व्यवस्था, अपराध, यातायात समस्या व अन्य संगत समस्याओं की सूचना प्राप्त करता है, तथा स्थानीय पुलिस को उस स्थिति से निपटने के लिये आवश्यक निर्देश देता है। अन्य आपदाओं के सम्बन्ध में तत्पर्ता से कार्य करता है। जनपद में वर्तमान में निम्नलिखित नियंत्रण कक्ष स्थापित है।

| क. सं | नियंत्रण कक्ष | टेलिफोन नं0 | कार्य |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला नियंत्रणकक्ष | 9454417464 | जनपद के अन्तर्गत स्थित 23 थानों में सूचारू संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष पुलिस लाईन बाराबंकी में स्थित है। जनपद में अपराधिक सूचनओं के आदा प्रदान, वीआईपी भ्रमण कार्यकम तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनओं के आदान प्रदान का उत्तरदायित्व जिला नियंत्रण कक्ष का होता है। |
| 2 | फायर नियंत्रणकक्ष बाराबंकी | 9454418726 | जनपद में यह फायर नियंत्रण कक्ष बाराबंकी में स्थापित है अग्निकांड की किसी भी सूचना पर फायर नियंत्र.ण कक्ष द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाती है। |
| 3 | फायर निंयत्रण कक्ष सिरौली गौसपुर | 9454418730 | जनपद में यह फायर नियंत्रण कक्ष सिरौलीगौसपुर बाराबंकी में स्थापित है अग्निकांड की किसी भी सूचना पर फायर नियंत्र.ण कक्ष द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाती है। |
| 4 | फायर नियंत्रणकक्ष हैदरगढ | 9454418732 | जनपद में यह फायर नियंत्रण कक्ष हैदरगढ़, बाराबंकी में स्थापित है अग्निकांड की किसी भी सूचना पर फायर नियंत्र.ण कक्ष द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाती है। |
| 5 | फायर नियंत्रणकक्ष फतेहपुर | 9454418734 | जनपद में यह फायर नियंत्रण कक्ष फतेहपुर, बाराबंकी में स्थापित है अग्निकांड की किसी भी सूचना पर फायर नियंत्र.ण कक्ष द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाती है। |

इन नियंत्रणकक्षों पर चौबीस घंटे कन्ट्रोल रूम आपरेटर की नियुक्ति रहती है। इन पर दी गयी सूचनाओं को तत्ताकाल लागबुक में लाग किया जाता है, तथा सम्बन्धित को कार्यवाही हेतु सूचित किया जाता है।

**3.3 शिकायतों के निस्तारण की प्रकियाः–**

पुलिस अधीक्षक के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दी गयी शिकायतों का निस्तारण किया जानाः–

| क0सं0 | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित सर्किल के क्षेत्राधिकारी द्वारा जॉच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित करना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | अविलम्ब |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | प्रार्थना पत्र को डाक बही रजिस्टर में अंकित करना व जॉच अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करना | पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत प्रकोष्ठ शाखा द्वारा | 01 दिवस में |
| 3 | जॉच अधिकारी द्वारा जॉच एवं आवश्यक कार्यवाही करके जॉच आख्या प्रेषित करना | क्षेत्राधिकारी / प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष द्वारा | 07 दिवस में |
| 4 | पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जॉच रिपोर्ट का परिशीलन करके अन्तिम आदेश करना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | 02 दिवस में |
| 5 | प्रार्थना पत्र मय जॉच रिपोर्ट के दाखिल दफ्तर करना | पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत प्रकोष्ठ शाखा द्वारा | 01 दिवस में |
| 6 | जॉच रिपोर्ट का रख–रखाव | पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत प्रकोष्ठ शाखा द्वारा | 01 वर्ष तक |

**3.3.1 थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रकिया:–**

| क0सं0 | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | थाने पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर उसकी प्राप्ति स्वीकार करना | थानाध्यक्ष / दिवसाधिकारी / उपस्थित कां0 क्लर्क द्वारा | तत्काल |
| 2 | प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने वाले का नाम आगन्तुक रजिस्टर में अंकित करना | दिवसाधिकारी / उपस्थित कां0 क्लर्क द्वारा | अविलम्ब |
| 3 | प्रार्थना पत्र को जनशिकायत रजिस्टर में अंकित करना | उपस्थित कां0 क्लर्क द्वारा | अविलम्ब |
| 4 | जॉच अधिकारी नियुक्त करना व जॉच हेतु सौंपना | थाना प्रभारी द्वारा | 1 दिवस |
| 5 | जांच अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर जॉच करना व आवश्यक कार्यवाही करके रिपोर्ट देना | जांच अधिकारी द्वारा | 5 दिवस में |
| 6 | थानाध्यक्ष द्वारा जांच की समीक्षा करना | थानाध्यक्ष द्वारा | 1 दिवस |
| 7 | जॉच रिपोर्ट पर अग्रेत्तर कार्यवाही, यदि आवश्यक हो, कराना | थानाध्यक्ष द्वारा | अविलम्ब |
| 8 | जॉच रिपोर्ट का रख–रखाव, | सम्बन्धित कां0 क्लर्क द्वारा | एक वर्ष तक |

**3.3.2. पुलिस अधीक्षक को डाक से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रतिकिया:–**

| क.सं. | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक कार्यालय की प्रधान लिपिक शाखा में उसकी प्राप्ति स्वीकार करना एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना | सम्बन्धित लिपिक द्वारा | अविलम्ब |
| 2 | पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं या इस कार्य हेतु निमित्त राजपत्रित अधिकारी द्वारा लिफाफे को खोला जाना | पुलिस अधीक्षक / निमित राजपत्रित अधिकारी | एक दिवस |
| 3 | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी को जॉच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करना | पुलिस अधीक्षक | एक दिवस |
| 4 | प्रार्थना पत्र को डाक बही रजिस्टर में अंकित करना | सम्बन्धित लिपिक द्वारा | अविलम्ब |
| 5 | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रार्थना पत्र का परिशीलन कर या तो स्वयं जॉच हेतु रखना या सम्बन्धित थानाध्यक्ष को जॉच हेतु भेजना | सम्बतन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा | दो दिवस |
| 6 | क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कां0 क्लर्क द्वारा आर्डर बुक करना | क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कां0क्लर्क द्वारा | अविलम्ब |
| 7 | सम्बन्धित थानाध्यक्ष द्वारा प्रार्थना पत्र का परिशीलन कर या तो स्वयं जॉच करना या सम्बन्धित उ0नि0 / बीट आरक्षी को जॉच हेतु भेजना | थानाध्यक्ष द्वारा | दो दिवस |
| 8 | जॉच अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर जॉच करना व आवश्यक कार्यवाही करके रिपोर्ट देना | जॉच अधिकारी द्वारा | दो दिवस |
| 9 | थानाध्यक्ष द्वाराजॉच रिपोर्ट की समीक्षा करके | थानाध्यक्ष द्वारा | अविलम्ब |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी को प्रेषित करना | | |
| 10 | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा जॉच सही पाये जाने पर जॉच रिपोर्ट को दाखिल दफतर किया जाना | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा | अविलम्ब |
| 11 | जॉच रिपोर्ट का रख–रखाव | क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कां0 क्लर्क द्वारा | दो वर्ष तक |

**3.3.3. पुलिस अधीक्षक को शासन, आयोगों व अन्य उच्चाधिकारियों के स्तर से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रतिक्रिया:–**

| क. सं | कार्य | किसके द्वारा कार्यवाही होगी | कार्यवाही की समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र का परिशीलन करके संबंधित पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी या थानाध्यक्ष को जांच हेतु आदेशित करना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | 1 दिवस |
| 2 | प्रार्थना पत्र को डाकबही रजिस्टर में अंकित करना व संबंधित को जांच हेतु प्रेषित करना | सम्बन्धित लिपिक द्वारा | अविलम्ब |
| 3 | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी / थानाध्यक्ष द्वारा प्रार्थना पत्र का परिशीलन कर स्वयं जांच करके आवश्यक कार्यवाही करना व रिपोर्ट देना | सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी / थानाध्यक्ष द्वारा | 07 दिवस में |
| 4 | क्षेत्राधिकारी / थानाध्यक्ष कार्यालय के कां0 क्लर्क द्वारा आर्डर बुक करना | क्षेत्राधिकारी / थानाध्यक्ष कार्यालय के कां0 क्लर्क द्वारा | अविलम्ब |
| 5 | पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच रिपोर्ट का परिशीलन करके सही पाये जाने पर संबंधित को रिपोर्ट प्रेषित करना | पुलिस अधीक्षक द्वारा | 2 दिवस |
| 6 | जांच रिपोर्ट का रखरखाव | पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय के कां0 क्लर्क द्वारा | 02 वर्ष तक |

**3.3.4:**–थाना पंचायत दिवसों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित थानाध्यक्ष के माध्यम से तत्काल कार्यवाही कराई जाती है।राजस्व /भूमि से सम्बन्धित प्रकरणों की जिलाधिकारी के माध्यम से निस्तारित कराया जाता है।

**3.3.5:**–जनपद स्तर पर पेट्रोल पम्प, कालेजों, सिनेमाहालों एवं बहुमंजिली इमारतों एवं कार्यालयों का निरीक्षण कर अग्नि निरोधक उपकरण लगवाये जाते हैं।

**3.3.6:**–अवैध वाहन संचालन के सम्बन्ध में सघन चेकिंग कराकर क्षेत्राधिकारी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम 1989 के अन्तर्गत जुर्माना के रूप में वसूल की गयी धनराशि के राजकीय कोष में जमा की जाती है।

**अधिनियम 1988 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध व जुर्माना–**

| क0सं0 | अपराध का विवरण | धारा | अधिकतम जुर्माना व सजा |
|---|---|---|---|
| 1 | मोटर चालक द्वारा बिना लाइसेंस गाड़ी चलाना | 3 / 181 | 250–500 |
| 2 | किसी अवयस्क द्वारा मोटर गाड़ी चलाना या उससे चलवाना | 4 / 181 | 500 व 3 माह का कारावास व दोनों |
